भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 304

02.02.2026 को उत्तर के लिए

देश में वन क्षेत्र का विस्तार

304. श्री बलवंत बसवंत वानखडेः

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यह** बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वन क्षेत्र (हेक्टेयर में) का ब्यौरा क्या है और इसका राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार प्रतिशत कितना है;

(ख) हेक्टेयर और प्रतिशत के रूप में राष्ट्रीय वन क्षेत्र का क्षेत्रफल कितना है;

(ग) क्या सरकार का देश में वन क्षेत्र के विस्तार के लिए कोई नया प्रयास करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान सरकार द्वारा देश में वनों के संरक्षण, विकास और संवर्धन के लिए प्रदान की गई निधि का छत्तीसगढ़ सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इसके परिणामस्वरूप प्राप्त सफलता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक संगठन, भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई), देहरादून देश के वन और वृक्ष आवरण का द्विवार्षिक आकलन करता है और निष्कर्षों को भारत वन राज्य रिपोर्ट (आईएसएफआर) में प्रकाशित किया जाता है। वनावरण आकलन एक सम्पूर्ण मानचित्रण अभ्यास है जो गहन जमीनी सत्यापन और राष्ट्रीय वन सूची से क्षेत्र डेटा द्वारा समर्थित रिमोट सेंसिंग पर आधारित है।

आईएसएफआर 2023 के अनुसार, देश का वन क्षेत्र 7,15,34,261 हेक्टेयर है जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 21.76% है। देश में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के अनुसार वन क्षेत्र का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ख) और (ग) आईएसएफआर के अनुसार, रिकॉर्ड किया गया वन क्षेत्र 7,75,37,700 हेक्टेयर है जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 23.59% है। भूमि को राज्य अधिनियम या स्थानीय कानून के तहत संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा वन क्षेत्र के रूप में दर्ज किया गया है।

(घ) और (ङ) देश में वनों के संरक्षण, सुरक्षा और प्रबंधन सहित वनावरण बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से मंत्रालय राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इसमें राष्ट्रीय हरित भारत मिशन (जीआईएम), नगर वन योजना (एनवीवाई), तटवर्ती पर्यावासों और मूर्त आय के लिए मैंग्रोव पहल (मिष्टी) शामिल हैं।

राष्ट्रीय प्राधिकरण, काम्पा, प्रतिपूरक वनीकरण निधि अधिनियम, 2016 और प्रतिपूरक वनीकरण निधि नियम, 2018 के अनुसार संबंधित राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की वार्षिक कार्य योजना (एपीओ) को भी मंजूरी देता है।

इसके अलावा, विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के अवसर पर और वर्तमान वर्ष में भी पूरे देश में वृक्षारोपण कार्यविधियों को शुरू करने के लिए एक वृक्षारोपण अभियान "एक पेड़ माँ के नाम #Plant4Mother" शुरू किया गया है। यह अभियान देश में हरित आवरण को बढ़ाने के लिए सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ "संपूर्ण सरकार" और "संपूर्ण समाज" दृष्टिकोण का अनुसरण करता है। इस अभियान ने देश में हरित आवरण को बढ़ाने में सहायता करते हुए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण में योगदान दिया है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान हरित भारत मिशन, काम्पा, नगर वन योजना और मिष्टी के तहत छत्तीसगढ़ राज्य सहित राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई निधियों का विवरण क्रमशः **अनुलग्नक-II** से **अनुलग्नक-V** में दिया गया है।

यह वनों के संरक्षण और सुरक्षा के साथ-साथ वनीकरण प्रयासों के संबंध में की गई व्यापक कार्रवाई का परिणाम है कि वन क्षेत्र आईएसएफआर 2019 में 7,12,249.00 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर आईएसएफआर 2023 में 7,15,342.61 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

******

अनुलग्नक- I

'देश में वन क्षेत्र का विस्तार' के संबंध में दिनांक 02.02.2026 को उत्तर के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 304 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

आईएसएफआर 2023 के अनुसार राज्यवार/संघ राज्य क्षेत्रवार वन आवरण का वितरण (क्षेत्रफल हेक्टेयर में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	भौगोलिक क्षेत्र (जीए)	कुल वन आवरण 2023	जीए का %
1	आंध्र प्रदेश	1,62,92,257	30,08,496	18.47
2	अरुणाचल प्रदेश	83,74,322	65,88,157	78.67
3	असम	78,43,800	28,31,355	36.10
4	बिहार	94,16,300	7,53,245	8.00
5	छत्तीसगढ	1,35,19,200	55,81,175	41.28
6	दिल्ली	1,48,300	19,528	13.17
7	गोवा	3,70,200	2,26,572	61.20
8	गुजरात	1,96,24,400	15,01,664	7.65
9	हरियाणा	44,21,200	1,61,426	3.65
10	हिमाचल प्रदेश	55,67,300	15,58,035	27.99
11	झारखंड	79,71,600	23,76,578	29.81
12	कर्नाटक	1,91,79,100	39,25,427	20.47
13	केरल	38,85,200	22,05,936	56.78
14	मध्य प्रदेश	3,08,25,211	77,07,344	25.00
15	महाराष्ट्र	3,07,71,300	50,85,853	16.53
16	मणिपुर	22,32,700	16,58,546	74.28
17	मेघालय	22,42,900	16,96,684	75.65
18	मिजोरम	21,08,100	17,99,046	85.34
19	नागालैंड	16,57,900	12,22,247	73.72
20	ओडिशा	1,55,70,700	52,43,356	33.67
21	पंजाब	50,36,200	1,84,609	3.67
22	राजस्थान	3,42,23,899	16,54,821	4.84
23	सिक्किम	7,09,600	3,35,840	47.33
24	तमिलनाडु	1,30,06,000	26,45,022	20.34
25	तेलंगाना	1,12,12,244	21,17,904	18.89
26	त्रिपुरा	10,48,600	7,58,477	72.33
27	उत्तर प्रदेश	2,40,92,756	15,04,580	6.24
28	उत्तराखंड	53,48,336	24,30,383	45.44

29	पश्चिम बंगाल	88,75,200	16,83,233	18.97
30	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	8,24,900	6,73,292	81.62
31	चंडीगढ़	11,400	2,500	21.93
32	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	60,200	22,562	37.48
33	जम्मू और कश्मीर	2,22,23,600	21,34,639	10.63
34	लद्दाख		2,28,592	
35	लक्षद्वीप	2,963	2,706	91.33
36	पुदुचेरी	49,000	4,431	9.04
	कुल	**32,87,46,888**	**7,15,34,261**	**21.76**

अनुलग्नक- II

'देश में वन क्षेत्र का विस्तार' के संबंध में दिनांक 02.02.2026 को उत्तर के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 304 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

राष्ट्रीय हरित भारत मिशन (जीआईएम) के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष में राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को जारी की गई धनराशि का विवरण

(रुपये करोड़ में)

क्र. सं.	राज्य / वर्ष	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26 (आज तक)
1	अरुणाचल प्रदेश	21.28	0.00	0.00	0.00
2	छत्तीसगढ	0.00	0.09	0.00	2.74
3	हरियाणा	0.00	7.60	30.58	25.65
4	जम्मू और कश्मीर	6.49	0.00	4.50	0.00
5	कर्नाटक	2.93	2.33	4.99	0.95
6	केरल	0.00	0.00	0.00	8.49
7	मध्य प्रदेश	17.93	8.62	23.61	0.00
8	मणिपुर	5.45	8.91	0.00	0.00
9	मिजोरम	36.27	21.13	0.00	8.90
10	ओडिशा	8.4756	12.59	0.00	0.00
11	पंजाब	2.7393	5.38	0.00	0.00
12	सिक्किम	6.57	7.50	12.24	6.61
13	उत्तराखंड	28.40	31.94	25.16	0.00
14	पश्चिम बंगाल	0.76	0.76	0.00	0.00
15	उत्तर प्रदेश	0.00	5.43	0.00	0.00

अनुबंध-III

'देश में वन क्षेत्र का विस्तार' के संबंध में दिनांक 02.02.2026 को उत्तर के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 304 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों की वार्षिक परिचालन योजना (काम्पा) में स्वीकृत निधियों का विवरण

(रुपये करोड़ में)

क्र.सं.	**राज्य/वर्ष**	**एपीओ स्वीकृत**			
		2022-23	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26 (आज तक)**
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	10.97	6.7	10.42	5.9
2	आंध्र प्रदेश	224.09	226.75	253.6	255.74
3	अरुणाचल प्रदेश	195.29	190.69	126.55	390.3
4	असम	162.57	109.69	104.39	102.75
5	बिहार	115.42	37.88	65.18	-
6	चंडीगढ़	1.66	1.54	1.4	0.75
7	छत्तीसगढ	688.46	471.21	401.69	537.13
8	दिल्ली	33.93	47.15	34.55	47.8
9	गोवा	36.53	31.28	29.56	33.68
10	गुजरात	205.4	250.02	310.5	400.45
11	हरियाणा	270.68	69.03	120.83	192.32
12	हिमाचल प्रदेश	190.23	185.14	184.52	254.44
13	जम्मू और कश्मीर	312.69	370.55	180.18	128.17
14	झारखंड	764.85	412.14	654.62	984.86
15	कर्नाटक	270.98	313.89	288.06	337.9
16	केरल	17.26	9.06	8.93	8.27
17	लद्दाख	-	60.55	76.94	89.89
18	मध्य प्रदेश	889.84	1070.6	1398.42	1443.63
19	महाराष्ट्र	708.11	597.57	730.65	531.24
20	मणिपुर	22.59	20.26	27.36	44.52
21	मेघालय	26.67	30.91	24.75	25.11
22	मिजोरम	16.74	14.6	22.77	3.86
23	ओडिशा	1191.31	948.04	1112.93	1012.63
24	पंजाब	203.01	257.1	125.94	165.68

25	राजस्थान	249.19	286.49	198.44	269.7
26	सिक्किम	69.82	79.95	44	110.39
27	तमिलनाडु	38.22	44.15	35.27	23.46
28	तेलंगाना	772.65	455.3	386.8	412.99
29	त्रिपुरा	52.9	85.77	61.87	90.71
30	उत्तर प्रदेश	344.08	172.04	155.57	163.27
31	उत्तराखंड	320.15	383.82	335.37	403.67
32	पश्चिम बंगाल	52.83	79.4	63.51	90.13

अनुलग्नक- IV

'देश में वन क्षेत्र का विस्तार' के संबंध में दिनांक 02.02.2026 को उत्तर के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 304 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

नगर वन योजना के तहत पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को जारी की गई धनराशि का

(रुपये करोड़ में)

क्र.सं.	राज्य/वर्ष	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26 (आज तक)
1	आंध्र प्रदेश	358.61	5888.366	3549.55	1240.47
2	अरुणाचल प्रदेश	56	0	24	208.971
3	असम	0	0	0	0
4	बिहार	137.61	44.802	15.16	0
5	चंडीगढ़	13.41	0	0	0
6	छत्तीसगढ	0	0	0	762.786
7	गोवा	0	61.59	0	0
8	गुजरात	203	0	242.5	0
9	हिमाचल प्रदेश	319.4	0	0	0
10	जम्मू और कश्मीर	476.28	107.34	787.25	0
11	झारखंड	1341.41	145.293	0	0
12	कर्नाटक	0	260.44	1598.6516	0
13	केरल	0	0	0	473.35
14	मध्य प्रदेश	1175.09	0	3260.97	2705.4141
15	महाराष्ट्र	193.87	0	0	0
16	मणिपुर	0	0	0	208.964
17	मेघालय	242.76	0	0	0
18	मिजोरम	1766.1	121.74	0	0
19	नागालैंड	0	1892.49	172.44	616.08
20	पंजाब	0	360.53	0	0
21	राजस्थान	848.12	72.8	914.96	1292.636
22	सिक्किम	390.97	42	653.4887	0
23	तमिलनाडु	630	0	0	0
24	तेलंगाना	582.88	0	1890	826.7
25	त्रिपुरा	0	151.44	0	0
26	उत्तर प्रदेश	5.6	0	831.6	110.84
27	उत्तराखंड	86.72	0	0	0
28	पश्चिम बंगाल	16.8	158.07	0	0

अनुलग्नक- V

'देश में वन क्षेत्र का विस्तार' के संबंध में दिनांक 02.02.2026 को उत्तर के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 304 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

मिष्टी योजना के तहत पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को जारी की गई धनराशि का विवरण

(रुपये करोड़ में)

क्र.सं.	राज्य/वर्ष	2024-25	2025-26 (आज तक)
1	आंध्र प्रदेश	4.71	8.368
2	गुजरात	6.20	61.10
3	ओडिशा	0.70	-
4	पुदुचेरी	1.94	-
5	केरल	0.67	1.014
6	पश्चिम बंगाल	3.74	-